consumers to supervise the loading of Wagons to satisfy themselves of the quality and quantity of coal being loaded in the wagons. The wagons are loaded as per the permissible loading capacity as fixed by the Railways and the bills are raised on the weight recorded in the RRs.

कोयले के डिपो खोला जाना

164. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश के विभिन्न क्षेत्रों और विशेषकर महानगरों में कोयले के डिपो खोलने का विचार रखती हैं, जिससे लघु उद्योगों और घरेलू उपयोग के लिए लोगों को कोयला आसानी से उपलब्ध हो सके ; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

कोयला मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एस०बी० नयमेगौड़ा) : (क) और (ख) कोल इंडिया लि० द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के अनुसार विभिन्न राज्यों में पहले से ही 47 स्टाकयार्ड प्रचालन में हैं। ये स्टाकयार्ड पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब मध्य प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और संघ शासित क्षेत्र दिल्ली में स्थित हैं। इसके अलावा, तीन सांकेतिक स्टाकयार्ड हैं, जो कि मध्य प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक प्रत्येक राज्य में एक-एक स्टाकयार्ड स्थित है। वर्तमान स्टाकयार्ड नीति के अनुसार नए कोयला स्टाकयार्डों को स्थापित किए जाने की जिम्मेदारी संबद्ध राज्य सरकार को सौंप दी गई है। अब यह प्रत्येक राज्य सरकार पर निर्भर करता है कि वे कोयले की स्टाकयार्डों की आवश्यकता का मूल्यांकन करें और इस बात का निर्णय लें कि राज्य में कब और कितने नए स्टाकयार्ड स्थापित किए जाएं।

Taking over of Singareni Collieries by CIL

165. SHRI MOHD. KHALEELUR RAHMAN: Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) whether Government of Andhra Pradesh has asked Coal India Ltd. to take over Singareni Collieries;

(b) if so, the details thereof;

(c) whether Government have accepted the proposal;

(d) if so, what are the details thereof; and

(e) if not, what are the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COAL (SHRI S. B. NYAMAGOUDA): (a) No Sir.

(b) to (e) Do not arise.

नई कोयला परियोजनाओं में पूंजी निवेश

166. **श्री राम नरेश यादव :** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1992–93 के दौरान कोयला परियोजनाओं के विकास के लिए सरकार द्वारा कितनी राशि मंजूर की गई है ;

(ख) उनका परियोजनावार ब्यौरा क्या है ; और

(ग) भविष्य में विश्व बैंक की सहायता से कित-किन परियोजनाओं का विकास किए जाने की संभावना है ?

कोयला मंत्रालय में उप मंत्री (श्री एस० बी० नयमेगौड़ा): (क) वर्ष 1992–93 के दौरान कोयला परियोजनाओं के विकास के लिए, सरकार द्वारा 2259.00 करोड़ रुपये की राशि का योजना परि-

व्यय निर्धारित किया गया है, जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

कोल इंडिया लिमिटेड :

1850.00 करोड़ रु०

सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लि० :

409.00 करोड़ रु०

(ब) वर्ष 1992-93 के लिए बड़ी कोयला खनन परियोजनाओं के संबंध में किए गए आबंटन को संलग्न विवरण में दर्शाया गया है । [नीचे देखिए]

(ग) विश्व बैंक सहायता के लिए प्रस्तावित पांच कोयला क्षेत्र के प्रस्तावों में से एक प्रस्ताव अर्थात् झरिया कोयला क्षेत्र में उक्त क्षेत्र की आगों से निपटने वाले प्रस्ताव के संबंध में विश्व बैंक से उत्तर प्राप्त हुआ है । विश्व बैंक ने इस प्रयोजन के लिए एक तैदानिक अध्ययन किए जाने का सुझाव दिया है और यह बैंक इस अध्ययन को निधियां प्रदान कराने की संभावनाओं की जांच कर रहा है।

विवरण

कंपनी का नाम	परियोजना	1992-93 के लिए निधियों का आबंटन (करोड़ रु० में)
1	2	3
इस्टर्न कोल्ड फील्ड्स लि०	1. राजमहल ओ. का.	99.34
	2. झांझरा भू० ग०	13.00
	3. सोनपुर बाजारी ओ. का.	65.00
	4. कोटाडीह भू./ग.ओ. का.	44.00
	5. जामबाद ओ. का.	5.00
	6. सतग्राम भू. ग.	2.50
	7 धेमोमैन भू. ग.	1.66
	8. अमृतनगर भू. ग.	1.50
	9. कालिदासपुर भू० ग.	2.50
	10. सारेपी भू. ग.	1.00
	11. लौडोहा भू. ग.	1.00
	12. जे० के० नगर भू. ग.	9.30
भारत कोकिंग कोल लि०	1. ब्लाक-II ओ. का.	8.16
	2. पुटकी बलिहारी भू. ग.	6.46
	3. कटरा भू. ग.	3.26
	4. नार्थ अमलाबाद भू. ग.	1.11
	5. भालगोरा भू. ग.	2.96
सेंट्रल कोलफील्ड्स लि०	1. अमलो (धोरी वेस्ट) ओ. का.	1.86
	2. पिपरवार ओ० का.	380.00
	3. तरमी ओ. का.	0.33
	4. करमा ओ. का.	0.60
	5. रोहिनी ओ. का.	1.46
	6. सौंदा डी भू. ग.	1.42
	7. हिन्देगिर ओ. का.	1.46
	8. राय बचरा भू. ग.	2.12

1	2	3
नार्दर्न कोल फील्ड्स लि०	1. दुधीचुआ ओ.का.	52.49
	2. अमलोहरी ओ.का.	27.85
	3. निघाई ओ. का.	44.98
	4. काकरी ओ. का.	8.54
	5. खादिया ओ. का.	81.05
वैस्टर्न कोल फ़ील्ड्स लि०	1. सिलेवारा भू. ग. (विस्तार) फेज II	2.20
	2. सोनेर भू. ग.	3.33
	3. टांडसी भू. ग.	4.32
	4. पदमापुर ओ. का.	6.53
	5. घूगस ओ. का.	4.34
	6. निलजय ओ. का.	8.37
	7. पिम्पलगांव ओ. का	1.53
	8. उकनी ओ. का.	11.20
	9. सस्ती ओ. का.	6.73
साउथ इस्टर्न कोल फ़ील्ड्स लि०	1. अमलाई ओ. का.	6.20
	2. बालगी ओ. का.	4.17
	3. वंगवार भू. ग.	1.94
	4. चुरचा वैस्ट (बी एण्ड पी)	2.43
	5. धनपुरी ओ. का.	1.76
	6. दिपका ओ. का.	4.17
महानदी कोल फील्ड्स लि०	1. बेल पहाड़ ओ. का.	4.13
	2. भरतपुर ओ. का.	6.94
	3. अनन्त, ओ. का.	16.45
	4. कलिंगा ओ. का.	18.67
	5. लखनपुर ओ. का.	6.93
	6. समलेश्वरी ओ. का	13.20
	7. निगराज को. क.	23.66
नार्थ इस्टर्न कोलफील्ड्स	1. सिमसोंग भू. ग.	1.60
	2. लेडो विस्तार भू. ग.	0.50
	3. लेखापानी भू. ग.	0.50
सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लि०	1. रामगुंडम ओ.सी.–II	125.16
	2. रामगुंडम ओ.सी.–III	110.00
	3. जी डी के–10ए इंक्लाइन	40.00
	4. जी डी के–11ए इंक्लाइन	8.00
	5. गोलेटी लांगवाल	9.66
	6. मानुगुरू ओ. सी.–II	29.50